OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404

Botanical tour

शासकीय (अग्रणी) तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर जिला–अनूपपुर (म0प्र0)

बॉटनिकल टूर

प्रतिवेदन

कृषि विज्ञान केन्द्र, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक जिला–अनूपपुर (म0प्र0) एवं शासकीय हर्बल उद्यान अमरकंटक जिला–अनूपपुर (म0प्र0)

उच्च शिक्षा (रूसा) भोपाल का पत्र क्रमांक/924/रूसा/वि0बैं0परि0/2021 भोपाल, दिनांक 04.06.2021 के परिपालन में शासकीय (अग्रणी) तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में अध्ययनरत् वनस्पतिशास्त्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय के संरक्षक प्राचार्य डॉ0 विक्रम सिंह बघेल के मार्गदर्शन में डॉ0 पी0एस0 मलैया एवं प्रो0 संजीव कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केन्द्र, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक जिला–अनूपपुर (म0प्र0) एवं शासकीय हर्बल उद्यान अमरकंटक जिला–अनूपपुर (म0प्र0) का भ्रमण किया गया। इस भ्रमण दल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गीतेश्वरी पाण्डेय, डॉ0 शैली अग्रवाल, प्रो0 प्रज्ञा तिवारी एवं प्रो0 तरन्नुम शरवत आदि शामिल रहे।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR
Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404

इस शैक्षणिक भ्रमण दल को वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 जे0के0 संत के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रात 08:30 बजे बस को कृषि विज्ञान केन्द्र, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक जिला–अनूपपुर (म0प्र0) के लिए रवाना किया। महाविद्यालय के कुल 55 छात्र/छात्राओं एवं 05 प्राध्यापक सहित कुल 60 सदस्यों को लेकर यह दल प्रात 10:30 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक जिला–अनूपपुर (म0प्र0) पहुँचा। प्रवेश संबन्धी औपचारिकता पूर्ण करने के पश्चात् भ्रमण दल को संस्थान में प्रवेश की अनुमति मिल गई।

भ्रमण दल को सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक ले जाया गया, जहाँ विभाग प्रमुख डॉ0 सूर्यकांत नागरे द्वारा परिसर में की जा रही विभिन्न फसलों के उत्पादन, उन्नत किस्म के बीजों को तैयार करने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। गेंहूँ, चना, मटर, मसूर एवं अन्य सभी फसलों के चयनित बीजों के द्वारा बीज उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई तत्पश्चात् केचुआ खाद निर्माण की प्रक्रिया को भी समझाया गया।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404

इसके पश्चात् सभी छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद हर्बल उद्यान ले जाया गया जहाँ पर विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों एवं मसाला के पौधों को दिखाया गया एवं उनके नाम व उनके औषधीय उपयोग के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। हर्बल उद्यान में सबसे आकर्षण का केन्द्र नवग्रह पौधे रहे जिनकी छात्रों के द्वारा रूचिपूर्ण तरीके से जानकारी प्राप्त की गई। अंत में महाविद्यालय के भ्रमण दल की ओर से डॉ0 संजीव द्विवेदी ने कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ0 सूर्यकांत नागरे जी के प्रति आभार प्रकट किया।

तत्पश्चात् सभी छात्रों को जिला वन मण्डल अनूपपुर द्वारा अमरकंटक में स्थित शासकीय हर्बल उद्यान का भ्रमण कराया गया। जहाँ पर छात्रों के द्वारा सभी प्रकार के औषधीय पौधों को देखा गया एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। शासकीय हर्बल उद्यान का मुख्य आकर्षण रूद्राक्ष, चंदन एवं विशाल बाँस के पौधे थे। जिसके बारे में छात्रों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। साथ ही शासकीय हर्बल उद्यान औषधीय उत्पादन के तरीके के बारे में भी जानकारी दी गई।



PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anupp
Distt. Anuppur (M.P.)

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404

भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के पौधों की पहचान और आधुनिक कृषि के तरीकों से परिचय कराना था। अंत में महाविद्यालय के भ्रमण दल ने शासकीय हर्बल उद्यान के प्रमुख अधिकारी का आभार प्रकट किया।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

प्रतिवेदक
डॉ0 पी0एस0 मलैया (वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष)
सहायक प्राध्यापक

डॉ0 संजीव द्विवेदी (वनस्पतिशास्त्र विभाग)
सहायक प्राध्यापक